THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI SUKH RAM): (a) and (b) At present no such proposal is under the consideration of the Department of Post for introducing credit cards system for postal account holders.

(c) No, Sir.

Infringement of copyright in preparing the commemorative stamp

1254. SHRI ASHOK MITRA: Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state:

(a) whether Government have received representations that in preparing the commemorative stamp in the honour of Shri Satyajit Ray, a photograph has been made use of without authorisation from the copyright owner;

(b) if so, what arrangements Government propose to make to settle the issue; and

(c) whether similar complaints of infringement of copyright had been made in the matter of issue of other commemorative stamp?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI SUKH RAM): (a) Yes, Sir.

(b) The representation was examined, but found unsustainable.

(c) Yes, Sir. There was one other complaint also.

दिल्ली के यमुनापार क्षेत्रों में खराब टेलीफोन सेवायें

1255. **श्री अनन्तराम जायसवाल :**
श्री सत्य प्रकाश मालवीय :

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दिल्ली के यमुनापार क्षेत्रो मे टेलीफोन एक्सचेंजों की संख्या कितनी है और प्रत्येक एक्सचेज के उपभोक्ताओं की टेलीफोन सुविधा उपलब्ध कराने की क्षमता क्या है एवं क्षमता के अनुपात में प्रत्येक एक्सचेंज द्वारा अब तक कितने उपभोक्ताओं को टेलीफोन सुविधा उपलब्ध करा दी गई है ;

(ख) यमुनापार क्षेत्रों में कितने टेलीफोन उपभोक्ता हैं और उपभोक्ताओं के टेलीफोनों की देख-रेख के लिये कितने कर्मचारी हैं और उनके पदनाम क्या-क्या हैं ;

(ग) यमुनापार के प्रत्येक टेलीफोन एक्सचेंज में खराब/बंद पड़े टेलीफोनों की संख्या कितनी है और उन्हें ठीक करने के लिये प्रतिदिन एक्सचेजेंज में कितनी शिकायतें आती हैं और उनमें से कितनी शिकायतों को प्रतिदिन दूर किया जाता है ;

(घ) क्या 1991 में तत्कालीन संचार मंत्री ने उपभोक्ताओं की सुविधा के लिये कोई नियम बनाया था, यदि हां, तो वह नियम क्या है और क्या अधिकारियों द्वारा उस नियम का पालन किया जाता है; और

(ङ) क्या सरकार टेलीफोन विभाग में व्याप्त कुप्रबंध को दूर कर टेलीफोन सेवा को चुस्त बनाने, उपभोक्ताओं को बेहतर टेलीफोन सुविधा उपलब्ध कराने तथा उनको विभाग की परेशानी से बचाने सहित बन्द पड़े सार्वजनिक टेलीफोनों को ठीक कर उनके सुचारू रूप से कार्य करने आदि की दिशा में जिससे कि इन सेवाओं मे सुधार आ सके, कोई कदम उठाने पर विचार कर रही है, यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?